प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेषिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 26.07.2024

मुख्य समाचारः–

- छत्तीसगढ़ में भी अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा।
- प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कल सत्ताईस जुलाई से दस अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा।
- देशभर में आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है।
- राज्य विधानसभा के मानूसन सत्र के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया।

मुख्यमंत्री–अग्निवीर

छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अग्निवीरों की सेवा अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें स्थानीय पुलिस भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, आदि पदों पर समावेशित करने की सुविधा दी जाएगी। विशेष आरक्षण के लिए शीघ्र निर्देश जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री–अग्निवीर

छत्तीसगढ़ के अग्निवीरों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि अग्निवीरों की सेवा अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें स्थानीय पुलिस भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को पुलिस आरक्षक, जेल प्रहरी, आदि पदों पर समावेशित करने की सुविधा दी जाएगी। विशेष आरक्षण के लिए शीघ्र निर्देश जारी किए जाएंगे।

जनसमस्या निवारण शिविर

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कल सत्ताईस जुलाई से दस अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर समस्याओं का निदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने जनसमस्या निवारण पखवाड़े में नागरिकों की समस्याओं को हल करने विभागीय अधिकारियों, नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समुचित इंतजाम के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वार्डों में आयोजित शिविरों में महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जन प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि इनमें आमजन की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो सके।

उड़ान योजना–छत्तीसगढ़

केन्द्र सरकार ने उड़ान योजना के तहत छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर हवाई अड्डों को क्षेत्रीय संपर्क योजना–आरसीएस के लिए चिन्हित किया है। इस योजना के तहत इन हवाई अड्डों के विकास के लिए करीब दौ सौ पन्द्रह करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं, जिसमें से तीस जून तक लगभग एक सौ बयानवे करोड़ रूपए व्यय किया गया है। योजना के अंतर्गत अंबिकापुर के लिए नब्बे करोड़, बिलासपुर के लिए पचपन करोड़ और जगदलपुर के लिए सत्तर करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी राज्य सभा में सांसद फूलोदेवी नेताम के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी।

करगिल विजय दिवस

देशभर में आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन भारत के कई वीर सपूतों ने जान की बाजी लगा दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रत्येक भारतीय के लिए यह दिवस बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देश के रक्षकों को श्रद्धा–सुमन अर्पित करने का दिन है।

वहीं, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने करगिल विजय शौर्य दिवस के अवसर पर करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने कहा कि करगिल विजय–शौर्य दिवस हमें वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है।

इस बीच, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई और केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा करगिल विजय दिवस के रजत जयंती के अवसर पर आज रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी स्थित केन्द्रीय विद्यालय में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालयीन छात्र–छात्राओं और एन.सी.सी. कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

मौसम

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।
वहीं, दुर्ग जिले के शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट में चार फीट ऊपर पानी बह रहा है।

उधर, बलौदा बाज़ार जिले में लगातार बारिश से जलमग्न की स्थिति निर्मित हो गई है। आवागमन कई जगह बाधित है। भाटापारा–बिलासपुर मार्ग स्थित सेमरिया घाट भारी बारिश के चलते बंद हो गया है। वहीं, कसडोल से पिथौरा मार्ग भी कई घंटो से जल प्रवाह से बंद की सूचना प्राप्त हुई है।

महासमुन्द जिले में रूक रूककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। जिले के पिथौरा से कसडोल–गिरौदपुरी मार्ग पर आज सुबह से आवाजाही बंद हो गई है।

वहीं, बीजापुर जिले में लगातार बारिश के कारण छोटे–बड़े नदी नाले उफान पर हैं। चिंतावागु नदी पार करते हुए एक ग्रामीण की मौत होने की खबर है। जगदलपुर–बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरसठ और तेलंगाना की ओर जाने वाली एन.एच–एक सौ तिरसठ पर कुछ स्थानों पर जलभराव होने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

इस बीच, बेमेतरा जिले में अत्यधिक वर्षा की वजह से सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को तीन दिन के लिए बंद रखा जाएगा। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने इस बारे में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि जिले में सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस जुलाई को सभी सरकारी स्कूलों के साथ ही अशासकीय अनुदान प्राप्त स्कूल और जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश रहेगा। लेकिन इस अवकाश के पात्र शिक्षक, स्कूल के स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं होंगे।

इसी तरह, दुर्ग जिले में भी अधिक वर्षा के कारण कलेक्टर ऋचा चौधरी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में तीन दिनों का अवकाश घोषित किया है।

विस–01

राज्य विधानसभा का मानूसन सत्र आज संपन्न हो रहा है। सत्र के अंतिम दिन आज छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा सदन में आज नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव लाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए हम प्रधानमंत्री का सहयोग करेंगे।

सदन में आज वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की जगह संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को पटल पर रखा।
विधानसभा सत्र के अंतिम दिन पूर्व सदस्य विजय सिंह के निधन पर सदस्यों ने शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज प्रश्नकाल में  गर्भवती महिलाओं को गर्म खाना नहीं दिए जाने का मुद्दा उठा। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला गर्म भोजन बंद करने का सदन में मामला उठाया। इस पर महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि यह योजना बंद नहीं हुई है। डीएमएफ, सीएसआर फंड से गर्म भोजन दिया जा रहा है। जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

विस–02

वहीं, सदन में आज भारतीय जनता पार्टी के विधायक मोतीलाल साहू ने प्रदेश में मलेरिया और डायरिया बीमारी से लोंगो की मौत के मुद्दे पर ध्यानाकर्षण लाया। इस ध्यानाकर्षण में चर्चा के दौरान कांग्रेस के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मलेरिया और डायरिया की स्थिति भयावह है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि मलेरिया से पन्द्रह लोगों की मौत हुई है, लेकिन डायरिया से किसी की मृत्यु नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वहीं, आज सदन में चना वितरण में गड़बडी का मुद्दा भी गूंजा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस संबंध में प्रश्न किया। इस पर मंत्री दयालदास बघेल ने स्वीकार किया कि स्टाक में कमी के कारण चना वितरण में विलंब हुआ है। उन्होंने इस पर कार्रवाई करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने सदन में यह भी कहा कि हितग्राहियों को जितने महीने का चना नहीं मिला है, वह पूरा इस महीने की इकतीस तारीख तक दे दिया जाएगा।

सीएजी–रिपोर्ट

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सीएजी की सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर आज सदन में पेश रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों– आईपीएचएस के मानदंडों के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों, नर्सों और पैरा–मेडिकल्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई मानव संसाधन नीति नहीं बनाई है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के तेईस जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर के तीन प्रतिशत, स्टाफ नर्स के सत्ताईस प्रतिशत और पैरामेडिकल स्टाफ के चौबीस प्रतिशत स्वीकृत पदों की कमी है। सीएजी की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए मानव संसाधन नीति तैयार करने के लिए कुछ सिफारिशें और सुझाव भी दिए गए हैं।

प्रभात झा–निधन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का आज गुरूग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद के रूप में प्रभात झा ने सत्ता और संगठन में अपना विशेष योगदान दिया। वे वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा। उनका निधन भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा तेईस जुलाई को पेश किए गए बजट पर रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष आर.के. ब्रम्हे से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सत्ताईस जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।